# अपनी बात

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 535 वर्ष 42

राँची, 30 सितम्बर, 2018


## हिन्दी दिवस–सह–पुरस्कार वितरण समारोह

सीसीएल मुख्यालय के "विचार मंच" में विगत 14 सितम्बर को "हिन्दी दिवस–सह–पुरस्कार वितरण" समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर माननीय कोयला एवं रेल मंत्री, भारत सरकार श्री पीयूष गोयल का संदेश, निदशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र एवं कोल इंडिया, अध्यक्ष श्री ए.के. झा का संदेश महाप्रबंधक (कल्याण) सुश्री रश्मि दयाल ने पढ़कर उपस्थित सभी को सुनाया।

समारोह के मुख्य अतिथि श्री गोपाल सिंह ने हिन्दी दिवस की सभी को बधाई दी और अनेकों उदाहरण देते हुए कहा कि हिन्दी बहुत ही सरल एवं आमजन की भाषा है। श्री सिंह ने कहा कि हिन्दी दिवस के अवसर पर हम सभी यह संकल्प लें कि पूरे मनोयोग से हिन्दी भाषा के प्रचार प्रसार में योगदान देंगे।

अवसर विशेष पर विशिष्ट अतिथि रांची विश्वविद्यालय, हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष श्री हरिनन्दन प्रसाद एवं निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र ने भी हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए हिन्दी को बढ़ावा एवं उतरोत्तर विकास के लिए उपस्थित सभी को प्रेरित किया।

मुख्य अतिथि श्री सिंह, निदेशक (कार्मिक) श्री महापात्र एवं विशिष्ट अतिथि श्री हरिनन्दन प्रसाद ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर हिन्दी में अधिकाधिक कार्य करने हेतु कर्मियों को प्रेरित किया। मुख्यालय रांची में : प्रथमः पेन्शन विभाग, द्वितीयः समाधान सेल, तृतीयः सुरक्षा एवं बचाव विभाग और राजभाषा का विशेष पुरस्कार भर्ती विभाग को दिया गया। क्षेत्र से प्रथमः सीआरएस बरकाकाना, द्वितीयः एमआरएस रामगढ़, तृतीयः कुजू क्षेत्र को मिला। इसके अलावा राजभाषा माह के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में लगभग 103 प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया।



दीप प्रज्जवलित कर समारोह का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि श्री गोपाल सिंह

## गुणवत्ता पखवाड़ा का आयोजन



सीसीएल कर्मियों को शपथ दिलाते नि. (तक./संचा.) श्री ए.के. मिश्रा

विगत 03 से 15 सितम्बर तक सीसीएल मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में गुणवता पखवाड़ा मनाया गया। सीसीएल मुख्यालय परिसर में 03 सितम्बर को हमारे निदेशक (तक./संचा.) श्री ए.के. मिश्रा ने उपस्थित सभी कर्मियों को गुणवत्ता की शपथ दिलायी। इस अवसर पर निदेशक (वित्त) श्री डी.के. घोष, निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र, निदेशक (यो/परि) श्री वी.के. श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मी उपस्थित थे।

इस अवसर पर निदेशक (तक./संचा.) श्री ए.के. मिश्रा ने उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए कहा कि कहा कि गुणवत्ता ऐसा शब्द है जिसकी आवश्यकता हर कार्य में होती है। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य का निष्पादन गुणवत्ता के साथ करना हम सभी की जिम्मेदारी है और इससे उत्पादकता में भी बढ़ोत्तरी होती है।

## विश्वकर्मा पूजा धूमधाम से सम्पन्न

मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची के विभिन्न विभागों – चालक संघ, प्रिंटिंग प्रेस, विद्युत यांत्रिकी, टीए, प्रणाली विभाग, इलेक्ट्रोनिक्स, विक्रय, गुणवत्ता एवं अन्य विभागों में देव–शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर परंपरागत रूप से तथा हर्ष एवं उल्लास के साथ पूजा अर्चना की गई।

सीएमडी, श्री गोपाल सिंह, नि. (वित्त) श्री डी.के. घोष, नि. (का.) श्री आर.एस. महापात्र, निदेशक(तक./संचा.) श्री ए.के. मिश्रा, नि. (यो./परि.) श्री वी.के. श्रीवास्तव, सीसीएल बोर्ड के सदस्य श्री डी.बी. गोयल तथा विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष ने मुख्यालय स्थित सभी पूजा पंडालों का भ्रमण कर प्रार्थना किया एवं भगवान विश्वकर्मा के दर्शन किये। सी.सी.एल. कर्मियों ने भोजनावकाश के दौरान पंडालों में जाकर प्रतिमा का दर्शन किया तथा प्रसाद और भोग भी ग्रहण किया।



सीएमडी श्री गोपाल सिंह एवं निदेशकगण भगवान विश्वकर्मा का दर्शन करते हुए

## स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन

जन–जन को दो यह संदेश–स्वच्छ–सुन्दर हो अपना देश के संदेश के साथ सीसीएल मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में विगत 15 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक "स्वच्छता ही सेवा" मनाया गया। इसी कड़ी में 15 सितम्बर को सीसीएल मुख्यालय परिसर, रांची में 'स्वच्छता शपथ' का आयोजन किया गया। सीसीएल के नि. (का.) श्री आर.एस. महापात्र ने उपस्थित सभी कर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलायी।



पौधारोपण करते सीएमडी श्री गोपाल सिंह, साथ में हैं नि. (का.) एवं सीसीएल कर्मी

इस अवसर पर सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस परिसर में पौधारोपण किया साथ ही श्री महापात्र सहित अन्य अधिकारियों ने भी पौधारोपण किया।

अपने संबोधन में सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का अभिन्न अंग है और हम सभी को अपने घर, गांव/मोहल्ले के साथ–साथ अपने कार्यस्थल को स्वच्छ रखना है। उन्होंने सभी को प्रेरित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती आगामी 02 अक्टूबर, 2019 तक स्वच्छ भारत अभियान को एक विशाल आंदोलन बनाते हुए भारत को 'साफ' एवं स्वच्छ बनाना है और माननीय प्रधानमंत्रीजी की मुहिम को पूरा करते हुए स्वच्छ भारत बनाना है।

नि. (का.) श्री आर.एस. महापात्र ने कहा कि स्वच्छता बहुत ही आवश्यक है और हम सभी को इसकी शुरूआत स्वयं से करनी होगी साथ ही घर के अलावा कार्यालय के वातावरण को भी स्वच्छ और साफ रखना होगा।

## एआईएफएफ–डी लाईसेंसिंग का कार्यक्रम

फेडरेशन ऑफ फुटबॉल कोचेज इन इंडिया (एफएफसीआई) द्वारा मान्यता प्राप्त ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) के तत्वावधान में फुटबॉल खेल के विकास हेतु तथा फुटबॉल कोचेज के कोचिंग ज्ञान का वर्द्वन करने के लिए सीसीएल के 15 कर्मियों को एआईएफएफ–डी लाईसेंसिंग कार्यक्रम विगत 08 से 13 सितम्बर तक आयोजित किया गया। 13 सितम्बर को सीसीएल गाँधीनगर में आयोजित परीक्षा में सीसीएल (15) सहित 20 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सफल उम्मीदवारों को एआईएफएफ–डी लाईसेंस प्रदान किया जायेगा। लाईसेंस प्राप्त करने के उपरांत सफल उम्मीदवार स्कूल, कॉलेज आदि संस्थानों में प्रशिक्षण दे सकेंगे।



प्रतिभागी परीक्षा में भाग लेते हुए कर्मी


सम्पादक : दीपक कुमार, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, सहायक प्रबंधक (जनसम्पर्क), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)